Edit with WPS Office

# स्वतंत्रता दिवस 2020 के अवसर पर महानिदेशक, गृह रक्षा, राजस्थान का संदेश

74वें स्वाधीनता दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित गृह रक्षा निदेशालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा मेरे प्यारे स्वयंसेवकों।

सबसे पहले तो मैं स्वतंत्रता के इस पावन पर्व पर, आजादी की सालगिरह पर आप सभी को ह्रदय के अन्तरतम से बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं, मुबारकबाद देता हूं। इस स्वतंत्रता के लिए जिन कोटि-कोटि जनों ने अनेकानेक बलिदान दिए अपना जीवन व जवानी जेलों में गुजार दी, कई त्याग वह कुर्बानियां दी, उन सभी को मैं अपनी ओर से आप सभी की ओर से शत शत वंदन करता हूं, नमन करता हूं।

साथियों आज का यह दिन हमारे लिए सिर्फ स्वतंत्रता की वर्षगांठ मनाने का नहीं है, यह दिन है, अपने आप को राष्ट्र के प्रति पुनः समर्पित करने का-अपने राष्ट्रीय चरित्र को निखारने का। आज के इस पावन पर्व से प्रेरणा लेकर हम जितना राष्ट्र के प्रति समर्पित होंगे- जितना राष्ट्रीय चरित्र को निखारेगें- जितना राष्ट्रीय हित के लिए अपना जीवन जीने का प्रयास करेंगे- उतना ही यह आजादी का पर्व हमारे देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

साथियों, मुझे आप सभी के साथ एक टीम के रूप में गत 9 माह से कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिए मैं गौरवान्वित महसूस करता हूं। इस 9 माह की अवधि में आप सभी के सहयोग से हमने गृह रक्षा विभाग को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने का प्रयास किया है। निदेशालय के 58 वर्षों के इतिहास में हम नवीन निदेशालय भवन की प्राप्ति की ओर अग्रसर हो रहे हैं जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा 11.3 करोड़ का बजट भी आवंटित कर दिया गया है तथा इस भवन का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 24 जून 2020 को संपन्न किया जा चुका है। भवन निर्माण का कार्य द्रुत गति से जारी है। गत 9 माह में 6 दिसंबर 2019 तथा 24 जून 2020 के बाद हाल ही में दिनांक 9.8.2020 को माननीय मुख्यमंत्री तीसरी बार होमगार्ड कैंपस में पधारे और बॉर्डर होमगार्ड जैसलमेर परिसर में वृक्षारोपण किया।

इसी प्रकार लंबे समय बाद 2500 स्वयं सेवकों की भर्ती संबंधी विज्ञप्ति दिनांक 4 मार्च 2020 को जारी की गई जिसके लिए हमें लगभग 3.52 लाख प्रार्थना पत्र प्राप्त हो चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में यह नामांकन कार्य संपन्न करा लिया जाएगा। श्याम सेवकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण भत्ते को रु 100 प्रतिदिन से बढ़ाकर ₹200 प्रतिदिन किए जाने के संबंध में बजट घोषणा दिनांक 6 मार्च 2020 को माननीय मंत्री महोदय द्वारा विधानसभा सदन में कर दी गई है। इसी प्रकार बॉर्डर होमगार्ड के लांगरी का वेतन ₹2,500 प्रतिमाह से एक साथ ढाई गुना बढ़ाते हुए ₹6,300 प्रतिमाह कर दिया गया है।

विभाग के वर्ष 2019-20 तक के सभी प्रमोशन कर दिए गए हैं तथा वर्ष 2020-21 की पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

निजी सुरक्षा एजेंसियों की आवेदन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए इस संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। साथ ही रोकड़ परिवहन निजी सुरक्षा में कार्यरत सुरक्षा एजेंसियों के कार्यकलापों पर नियंत्रण हेतु निजी सुरक्षा अभिकरण नियमों को अधिसूचित कराया गया है।

हाल ही में **"कोरोना के विरुद्ध युद्ध"** में गृह रक्षा स्वयं सेवकों ने राजस्थान पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर्फ्यू तथा कंटेनमेंट जोन में तथा लॉकडाउन सुनिश्चित करने के लिए अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना अत्यंत उत्साह, लगन, परिश्रम और निष्ठा से ड्यूटी दी। मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष एवं गर्व की अनुभूति हो रही है कि कोरोना ड्यूटी में 16,000 से अधिक गृह रक्षा स्वयं सेवकों ने मुस्तैदी से ड्यूटी निभाई है और आज भी 8,000 से अधिक स्वयंसेवक

Edit with WPS Office

कोरोना ड्यूटी में तैनात हैं। इस दौरान हमारे 42 स्वयंसेवक खुद भी कोरोना संक्रमित हो गए जिनका विभाग की ओर से पूरा ध्यान रखा गया। ड्यूटी पर तैनात सभी स्वयंसेवकों को मास्क, सेनेटाइजर, इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक सर्व ज्वरहर चूर्ण आदि वितरित किए गए तथा कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्रों में तैनात स्वयंसेवकों को इसके अतिरिक्त थर्मस फ्लास्क व फेस शील्ड आदि भी बांटे गए। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर स्वयं सेवकों का मनोबल बढ़ाते रहें।

राज्य के सभी जिलों में स्थित होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्रों में लंबे समय से प्रशिक्षण कार्य बंद था। मैं आभारी हूं राज्य सरकार का जिन्होंने हमारे निवेदन को स्वीकार कर इस हेतु इस वर्ष 17.52 करोड़ का बजट आवंटन किया तथा वर्तमान में सभी जिलों में दिनांक 1 जून 2020 से स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण जारी है। सुप्तप्राय: पड़े होमगार्ड कार्यालय अब जोश, उत्साह तथा पीटी व ड्रिल की थापों से गूजं रहे है।

स्वयं सेवक इस विभाग की नीवं की ईट है और उनका कल्याण हमारी प्रथम प्राथमिकता है। मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि गत 9 माह में मृतक स्वयंसेवकों के 30 आश्रितों का अनुकम्पात्मक नामांकन किया जा चुका है। इसी प्रकार स्वयंसेवकों के बच्चों को छात्रवृत्ति देने के संबंध में एक SOP बनाकर स्थाई आदेश संख्या 11/ 2020 दिनांक 16.04.2020 के रूप में जारी कर दिया गया है। अभी हाल ही में दिनांक 17.07.2020 को राज्य स्तरीय वेलफेयर कमेटी की मीटिंग में **27 लाख रुपए** के प्रस्ताव स्वयंसेवकों के कल्याण के लिए स्वीकृत कर दिए गए हैं ड्यूटी पर मृत्यु होने पर स्वयं सेवक के आश्रितों को दी जाने वाली धनराशि को 1.5 लाख से बढ़ाकर ₹2 लाख कर दिया गया है। स्वयं सेवकों की समस्या के निवारण के लिए जिला और राज्य स्तर पर समस्या निवारण समिति, संपर्क सभा तथा अर्दली रूम नियमित रुप से संपन्न हो रहे हैं। **इसी के साथ आपराधिक व अपचारी प्रवृत्ति के स्वयंसेवकों को डिस्चार्ज भी किया जा रहा है।**

साथियों, सभी उपलब्धियों का वर्णन करना अल्प समय में संभव नहीं है। ना ही हम रुके हैं। आने वाले समय में स्वयंसेवकों के डेप्लॉयमेंट के लिए ऑनलाइन सिस्टम लागू किया जाना, राजस्थान होमगार्ड सबओर्डिनेट सर्विस रूल्स को नोटिफाई करवाना, गृह रक्षा स्वयं सेवकों के लिए रोडवेज के किराये में डिस्काउंट प्राप्त करना, उनके लिए CPC केन्टीन सुविधा प्रारंभ करना, विभाग में नया ब्रास-बैंड तथा कई नए पदों का गठन करना, डिप्टी कमांडेंट को सर्किट हाउस में ठहराने की अनुमति दिलाना, परमानेंट स्टाफ की भर्ती करना, CM'S Home Guard Medal For Meritorious and Distinguished Service की घोषणा करना आदि कई ऐसी योजनाऐं हैं जिन पर हमारे द्वारा इस वित्तीय वर्ष में प्रयास किए जा रहे हैं।

जैसा की आपको विदित है कि हाल ही में विभाग में पहली बार उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को Commendation Disc प्रदान करने की व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि इस संबंध में पहली Commendation Disc आज एक ऐसे स्वयंसेवक को मरणोपरांत प्रदान की गई जिसने सरिस्का बाघ परियोजना, अलवर में बजरी माफिया से संघर्ष करते हुए कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राण न्योछावर कर दिये। हम सभी श्री केवल सिंह की इस वीरता, शौर्य, निष्ठा तथा कर्तव्य-परायणता को सादर नमन करते हैं। इस अवसर पर उनके परिवारजनों को मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि पूरा गृह रक्षा विभाग एक परिवार की तरह उनके साथ हमेशा खड़ा मिलेगा।

यह भी हमारे लिए बहुत ही हर्ष गौरव का विषय है कि आज इस अवसर पर हमारे 5 अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्वयं सेवकों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर की गई घोषणा के अनुसार श्री संदीप सत्य प्रकाश शर्मा, उप महासमादेष्टा तथा श्री राम सिंह हर्षाणा, उप समादेष्टा को President's Home Guards and Civil Defence Medal For Distinguished Service तथा

Edit with WPS Office

1. श्री वीरेंद्र सिंह राठौर, कंपनी कमांडर

2. श्री शिवदयाल, कंपनी कमांडर

3. श्री बृजेश कुमार, स्वयंसेवक (अवैतनिक प्लाटून कमांडर बेस्ट नंबर 275)

Home Guards and Civil Defence Medal For Meritorious Service प्रदान किए जायेंगे। मैं, संपूर्ण गृह रक्षा विभाग की ओर से, आप सभी की ओर से तथा स्वयं अपनी और से इन सभी अधिकारियों कर्मचारियों व स्वयंसेवक को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

साथियों, अंत में मैं आपसे यह अनुरोध करना चाहूगां कि आज इस स्वाधीनता दिवस के पावन पर्व पर हम संकल्प लें कि हमारा स्वभाव कर्तव्यपरायण हो हमारी निष्ठा एवं परिश्रम अनुकरणीय हो और हम **"निष्काम सेवा"** के ध्येय वाक्य की प्राप्ति के लिए कटिबद्ध हों। हम दृढता से वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों का सामना करें व गृह रक्षा विभाग के गौरवमय इतिहास, गरिमा व परंपराओं में अभिवृद्धि करें।

एक बार फिर आप सभी को 74वे स्वाधीनता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं

जय हिंद!